नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – **20**

No. of Printed Pages – **14 + Map**

**S-08-Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SECONDARY EXAMINATION, 2026

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error/difference/contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न संख्या **20** मानचित्र कार्य से संबंधित है और **4** अंक का है । मानचित्र को प्रश्न पत्र से फाडकर उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।

Question No. **20** is related to map-work carrying **4** marks. Tear the map from the question paper and attach it with the answer book.

8) प्रश्न संख्या **14** से **20** तक में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. **14** to **20**.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

बहुविकल्पात्मक प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

**1.** निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।
Choose the correct answer of the following questions and write in the answer book.

i) 'यंग इटली' नामक भूमिगत संगठन की स्थापना किसने की थी ? **[1]**

अ) कैवूर    ब) गैरीबॉल्डी

स) इमेनुएल द्वितीय    द) ज्यूसेपे मेत्सिनी

Who founded the underground organization called 'Young Italy' ?

A) Cavour    B) Garibaldi

C) Emmanuel II    D) Giuseppe Mazzini

ii) निम्न में से कहाँ पर 1890 के दशक में 'रिंडरपेस्ट' नामक बीमारी बहुत तेजी से फैली ? **[1]**

अ) आस्ट्रेलिया    ब) अफ्रीका

स) दक्षिण अमेरिका    द) यूरोप

Where among the following did the disease 'Rinderpest' spread rapidly in the 1890s ?

A) Australia    B) Africa

C) South America    D) Europe

iii) औद्योगीकीकरण का एक प्रमुख सकारात्मक प्रभाव था – **[1]**

अ) बेरोजगारी    ब) प्रदूषण

स) गरीबी    द) उत्पादन में वृद्धि

Industrialization had a major positive effect –

A) Unemployment    B) Pollution

C) Poverty    D) Increase in production

iv) निम्न में से कौन 'पेरियार' नाम से भी जाने जाते थे ? **[1]**

अ) ई. वी. रामास्वामी नायकर    ब) भीमराव अंबेडकर

स) ज्योतिबा फुले    द) गोविन्द गिरी

Who among the following was also known as 'Periyar' ?

A) E. V. Ramaswamy Naicker    B) Bhimrao Ambedkar

C) Jyothiba Phule    D) Govind Giri

v) वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट किस वर्ष लागू किया गया ? **[1]**

अ) 1876    ब) 1878

स) 1880    द) 1882

In which year was the Vernacular Press Act implemented ?

A) 1876    B) 1878

C) 1880    D) 1882

vi) बांगर क्या है ? **[1]**

अ) पुरानी जलोढ़ मृदा    ब) नवीन जलोढ़ मृदा

स) खादयुक्त मृदा    द) बिना खाद की मृदा

What is Banger ?

A) Old Alluvial soil    B) New Alluvial soil

C) Manured soil    D) Soil without fertilizers

vii) खड़ीन, जोहड़ और टांका उदाहरण है – **[1]**

अ) राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण की स्थानीय संरचनाएँ

ब) राजस्थान में कृषि का तरीका

स) एक प्रकार का बालु का स्तूप

द) बाढ़ निर्मित संरचना

Khadins, Johads and Tankas, are examples of

A) Local rain water harvesting structures in Rajasthan

B) Methods of agriculture in Rajasthan

C) A type of sand dune

D) Flood built structure

viii) चूना पत्थर, सिलिका और जिप्सम कौन–से उद्योग का प्रमुख कच्चा माल है ? **[1]**

अ) सीमेंट ब) लोहा इस्पात

स) तांबा द) चीनी

Lime stone, silica and gypsum are the main raw materials of which industry ?

A) Cement B) Iron-steel

C) Copper D) Sugar

ix) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के क्षेत्राधिकार में कौन–से राजमार्ग आते हैं ? **[1]**

अ) राष्ट्रीय राजमार्ग ब) राज्य राजमार्ग

स) जिला मार्ग द) महा राजमार्ग

Which highways come under the jurisdiction of the Central Public Works Department ?

A) National Highways B) State Highways

C) District Roads D) Super Highways

x) निम्न में से एक शक्ति के उर्ध्वाधर वितरण का उदाहरण है **[1]**

अ) कार्यपालिका ब) न्यायपालिका

स) विधायिका द) सामुदायिक सरकार

One of the following is an example of vertical distribution of power –

A) Executive B) Judiciary

C) Legislature D) Community government

xi) श्रीलंका स्वतन्त्र राष्ट्र बना – **[1]**

अ) 1946 ब) 1947

स) 1948 द) 1949

Sri Lanka became an independent nation in

A) 1946 B) 1947

C) 1948 D) 1949

xii) अधिकारों एवं अवसरों के मामले में स्त्री व पुरुष की बराबरी मानने वाला व्यक्ति कहलाता है **[1]**

अ) साम्प्रदायिक ब) नारीवादी

स) धर्मनिरपेक्ष द) जातिवादी

A person who believes in equal rights and opportunities for women and men is called

A) Communalist B) Feminist

C) Secularist D) Castiest

xiii) कांशीराम ने निम्न में से किस दल का गठन किया ? **[1]**

अ) समाजवादी पार्टी ब) लोक दल

स) बहुजन समाज पार्टी द) जनता दल

Which of the following parties was formed by Kanshi Ram ?

A) Samajwadi Party B) Lok Dal

C) Bahujan Samaj Party D) Janta Dal

xiv) भारतीय जनता पार्टी ने निम्न में से किसका नेतृत्व किया ? **[1]**

अ) संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन

ब) राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन

स) संयुक्त मोर्चा

द) वाम मोर्चा

Which of the following is led by the Bhartiya Janta Party ?

A) United Progressive Alliance

B) National Democratic Alliance

C) United Front

D) Left Front

xv) निम्न में से कौन–सा एक गैर नवीकरणीय संसाधन नहीं है ? **[1]**

अ) पेट्रोल ब) कोयला

स) खनिज द) जल

Which of the following is not a non-renewable resource ?

A) Petrol B) Coal

C) Minerals D) Water

xvi) भारत में साख का सबसे बड़ा स्रोत है **[1]**

अ) साहूकार ब) सरकार

स) रिश्तेदार एवं मित्र द) जमींदार

The largest source of credit in India is

A) Money Lenders B) Government

C) Relatives and friends D) Landlords

xvii) यह व्यापार अवरोधक है **[1]**

अ) निर्यात पर कर ब) आयात पर कर

स) आयकर द) इनमें से कोई नहीं

This is a trade barrier

A) Tax on exports B) Tax on imports

C) Income tax D) None of these

xviii) एगमार्क किस वस्तु पर लगाया जाता है ? **[1]**

अ) बिजली के उपकरण पर ब) स्वर्ण आभूषण पर

स) कृषि उत्पाद पर द) ये सभी

Agmark is applied on which item ?

A) On electrical equipment B) On gold jewellery

C) On agricultural products D) All of these

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

Fill in the blanks.

i) 1804 की नागरिक संहिता को आमतौर पर ________ की संहिता के नाम से जाना जाता है । **[1]**

The Civil Code of 1804 usually known as the ________ Code.

ii) रेगर ________मृदा का नाम है । **[1]**

Regur is the name of ________ soil.

iii) वन विभाग के अनुसार देश के कुल वन क्षेत्र का ________ हिस्सा रक्षित है । **[1]**

Almost ________ of the total forest area is protected forest, as declared by the forest department.

iv) बेल्जियम की राजधानी का नाम ________ है । **[1]**

The name of the capital of Belgium is ________.

v) रेल्वे अथवा डाकघर ________ क्षेत्रक के उदाहरण हैं । **[1]**

Railways or Post Office is an example of the ________ sector.

vi) प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति वह मुख्य कारक है जिसने ________ की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया । **[1]**

Rapid improvement in technology has been one major factor that has stimulated the ________ process.

**3.** अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।

Very Short Answer Type Questions : Answer the following questions in **one** word or in **one** line.

i) 'वीटो' से आप क्या समझते हैं ? **[1]**

What do you mean by 'Veto' ?

ii) मुद्रण संस्कृति से गरीब जनता को क्या लाभ पहुँचा ? उदाहरण दीजिए । **[1]**

What benefits did print culture bring to the poor ? Give examples.

iii) मुद्रण की पहली तकनीक किन देशों में विकसित हुई ? कोई दो देशों के नाम लिखिए । [½+½=1]

In which countries was the first printing technique developed ? Write the names of any two countries.

iv) सतत विकास क्या है ? [1]

What is sustainable development ?

v) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भूमिका को संक्षेप में लिखिए । [1]

Write in brief the role of local communities in management of natural resource.

vi) लोह और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहते हैं ? [1]

Why the Iron and Steel industry is called a basic industry ?

vii) श्रीलंका में अधिकांश आबादी दो जातीय समूहों में बँटी हुई है । इन समूहों के नाम लिखिये । [1]

The majority of population in Sri Lanka is divided into two ethnic groups. Write the name of these groups.

viii) साम्प्रदायिकता के सबसे बुरे स्वरूप का एक उदाहरण दीजिये । [1]

Give an example of the worst form of communalism.

ix) राजनीति में गठबन्धन या मोर्चा से क्या अभिप्राय है ? [1]

What is meant by alliance or front in politics ?

x) सिक्कों के चलन से पहले किन चीज़ो का प्रयोग मुद्रा के रूप में होता था ? लिखिए । [1]

Write which things were used as currency before the introduction of coins ?

xi) अमेरिकी किसान अपने कृषि उत्पादों को असाधारण रूप से कम कीमत पर क्यों बेच सकते है ? **[1]**

Why are American farmers can sell their farm products at abnormally low prices ?

xii) 1960 के दशक में उपभोक्ता आन्दोलन के उदय के दो कारण दीजिए । **[½×2=1]**

Give two reasons for the emerged of the Consumer Movement in the 1960s.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द)

Short Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **50** words)

**4.** 'उन्नीसवीं सदी में कलाकारों ने एक देश को कुछ यूँ चित्रित किया जैसे वह कोई व्यक्ति हो' कथन का परीक्षण कीजिए । **[2]**

'In the nineteenth century, artists depicted a country as if it were a person'. Examine the statement.

**5.** द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल धुरी शक्तियों के नामों को सूचीबद्ध करें । **[2]**

List the names of the Axis power involved in World War II.

**6.** भारत में सिंचित भूमि क्षेत्र के बढ़ने से उत्पन्न समस्याओं का वर्णन कीजिए । **[2]**

Describe the problems arising due to increase in irrigated land area in India.

**7.** "ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन है" कथन के संदर्भ में ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण की विवेचना कीजिए । **[2]**

Discuss conservation of energy resources in the context of the statement "Energy Conservation is Energy Production".

**8.** आपके अनुसार राजनीति में जाति अनेक रूप ले सकती है । अपने मत के पक्ष में किसी एक रूप की संक्षिप्त विवेचना कीजिये । **[2]**

According to you, caste can take many forms in politics. Briefly discuss any one form in support of your opinion.

**9.** आपके मतानुसार विपक्षी दल की लोकतन्त्र में क्या भूमिका होनी चाहिये ? संक्षेप में लिखिये । **[2]**

In your opinion, what should be the role of the opposition party in democracy ? Write briefly.

**10.** यूएनडीपी द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट में देशों की तुलना किस आधार पर की गई है ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । **[1+1=2]**

On what basis are countries compared in the human development report published by UNDP ? Mention any two.

**11.** ऐसे चार उपायों की सूची बनाइए जिससे कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार का सृजन हो सके । **[½×4=2]**

Prepare a list of four measures that can create additional employment in the agriculture sector.

**12.** सकल घरेलू उत्पाद की गणना में मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को शामिल क्यों नहीं किया जाता है ? विश्लेषण कीजिए । **[2]**

Why is the value of intermediate goods not included in the calculation of Gross Domestic Product ? Analyze it.

**13.** जब बहुराष्ट्रीय कंपनी स्थानीय कंपनी के साथ संयुक्त रूप से उत्पादन करती है, तो इससे स्थानीय कंपनी को होने वाले लाभ बताइए । **[2]**

When a multinational company produces jointly with a local company, so explain the benefits this will bring to the local company.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)
Long Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **100** words)

**14.** मशीन उद्योगों के युग से पहले अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाज़ार में भारत की स्थिति का परीक्षण कीजिए । **[3]**
Examine India's position in the international textile market before the age of machine industries.

**अथवा**/OR

भारत के प्रारंभिक उद्यमियों ने पूंजी, तकनीक और श्रमिकों के प्रबंधन को किस प्रकार विकसित किया ? उदाहरण सहित समझाइये ।
How did India's early entrepreneurs develop the management of capital, technology and labor ? Explain with examples.

**15.** भारतीय कृषि में हुए प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधारों का वर्णन कीजिए । **[3]**
Describe the technological and institutional reforms in Indian agriculture.

**अथवा**/OR

झूमिंग कृषि पर्यावरण के प्रतिकूल क्यों हैं ? समझाइए ।
Why Jhumming cultivation is harmful for environment ? Explain.

**16.** लोकतन्त्र में आर्थिक संवृद्धि और विकास की स्थिति का विश्लेषण कीजिये । **[3]**
Analyse the state of Economic growth and development in democracy.

**अथवा**/OR

'लोकतन्त्र में नागरिकों की गरिमा व आजादी में वृद्धि होती है ।' इस कथन का विश्लेषण कीजिये ।
'In democracy, the dignity and freedom of citizens increases.' Analyse the statement.

**17.** सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली को समझाइए । **[3]**

Explain the working system of co-operative societies.

**अथवा**/OR

चेक क्या है ? बैंक प्रणाली में चेक के महत्व को समझाइए ।

What is a cheque ? Explain the importance of cheque in banking system. **[1+2=3]**

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **250** शब्द)

Essay Type Question : (Answer word limit approx. **250** words)

**18.** 'सत्याग्रही केवल अहिंसा के सहारे भी अपने संघर्ष में सफल हो सकता है' – गांधीजी के विचारों के आधार पर कथन को स्पष्ट कीजिए । **[4]**

'A Satyagrahi can succeed in his struggle even with the help of non-violence alone' – Explain the statement on the basis of Gandhiji's thoughts.

**अथवा**/OR

महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए प्रमुख आंदोलनों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the major movements led by Mahatma Gandhi.

**19.** भारत में केन्द्र व राज्य सरकारों में शक्ति के बँटवारे की विवेचना कीजिये । **[4]**

Discuss the division of power between the Central and State Government in India.

**अथवा**/OR

संघीय शासन व्यवस्था तथा एकात्मक शासन व्यवस्था में अन्तर को स्पष्ट कीजिये ।

Explain the difference between Federal Government and Unitary Government.

**20.** दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित लौह अयस्क खानें (अ, ब) तथा स्वर्णिम चतुर्भुज महाराजमार्ग के केन्द्रों (स, द) को अंकित कीजिए । **[1+1+1+1=4]**

अ) गुआ

ब) बल्लारि

स) मुंबई

द) चेन्नई

Mark the following Iron ore mines (A, B) and Golden Quadrilateral Super Highway Centres (C, D) on the given outline map of India.

A) Gua

B) Ballari

C) Mumbai

D) Chennai

**अथवा**/OR

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित कोयला खानों (अ, ब) तथा हवाई पत्तनों (स, द) को अंकित कीजिए ।

अ) सिंगरेनी

ब) रानीगंज

स) दिल्ली

द) कोलकाता

Mark the following Coal mines (A, B) and Airports (C, D) on the given outline map of India.

A) Singareni

B) Raniganj

C) Delhi

D) Kolkata

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**S-08-Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2026
# SECONDARY EXAMINATION, 2026
## सामाजिक विज्ञान
## SOCIAL SCIENCE




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE